1

1 यहूदा के राजा यहोयाकीम के राज्य के तीसरे वर्ष में बाबुल के राजा
नबूकदनेस्सर ने यरूशेलम पर चढ़ाई करके उसको घेर लिया। 2 तब परमेश्वर ने
यहूदा के राजा यहोयाकीम को परमेश्वर के भवन के कई पात्रोंसहित उसके हाथ में
कर दिया; और उस ने उन पात्रोंको शिनार देश में अपके देवता के मन्दिर में ले
जाकर, अपके देवता के भण्डार में रख दिया। 3 तब उस राजा ने अपके खोजोंके
प्रधान अशपनज को आज्ञा दी कि इस्राएली राजपुत्रोंऔर प्रतिष्ठित पुरूषोंमें से ऐसे
कई जवानोंको ला, 4 जो निर्दोष, सुन्दर और सब प्रकार की बुद्धि में प्रवीण, और
ज्ञान में निपुण और विद्वान् और राजमन्दिर में हाजिर रहने के योग्य हों; और
उन्हें कसदियोंके शास्त्र और भाषा की शिझा दे। 5 और राजा ने आज्ञा दी कि
उसके भोजन और पीने के दाखमधु में से उन्हें प्रतिदिन खाने-पीने को दिया
जाए। इस प्रकार तीन वर्ष तक उनका पालन पोषण होता रहे; तब उसके बाद वे
राजा के साम्हने हाजिर किए जाएं। 6 उन में यहूदा की सन्तान से चुने हुए,
दानिय्थेल, हनन्याह, मीशाएल, और अजर्याह नाम यहूदी थे। 7 और खोजोंके
प्रधान ने उनके दूसरे नाम रखें; अर्थात् दानिय्थेल का नाम रखे; अर्थात् दानिय्थेल
का नाम उस ने बेलतशस्सर, हनन्याह का शद्रक, मीशाएल का मेशक, और
अजर्याह का नाम अबेदनगो रखा।। 8 परन्तु दानिय्थेल ने अपके मन में ठान
लिया कि वह राजा का भोजन खाकर, और उसके पीने का दाखमधु पीकर
अपवित्र न होए; इसलिथे उस ने खोजोंके प्रधान से बिनती की कि उसे अपवित्र न
होना पके। 9 परमेश्वर ने खोजोंके प्रधान के मन में दानिय्थेल के प्रति कृपा और
दया भर दी। 10 और खोजोंके प्रधान ने दानिय्थेल से कहा, मैं अपके स्वामी राजा

से डरता हूं, क्योंकि तुम्हारा खाना-पीना उसी ने ठहराया है, कहीं ऐसा न हो कि वह तेरा मुंह तेरे संगी के जवानोंसे उतरा हुआ और उदास देखे और तुम मेरा सिर राजा के साम्हने जाखिम में डालो। 11 तब दानिय्थेल ने उस मुखिथे से, जिसको खोजोंके प्रधान ने दानिय्थेल, हनन्याह, मीशाएल, और अजर्याह के ऊपर देखभाल करने के लिथे नियक्त किया या, कहा, 12 मैं तेरी बिनती करता हूं, अपके दासोंको दस दिन तक जांच, हमारे खाने के लिथे सागपात और पीने के लिथे पानी ही दिया जाए। 13 फिर दस दिन के बाद हमारे मुंह और जो जवान राजा का भोजन खाते हैं उनके मुंह को देख; और जैसा तुझे देख पके, उसी के अनुसार अपके दासोंसे व्यवहार करना। 14 उनकी यह बिनती उस ने मान ली, और दास दिन तक उनको जांचता रहा। 15 दस दिन के बाद उनके मुंह राजा के भोजन के खानेवाले सब जवानोंसे अधिकर अच्छे और चिकने देख पके। 16 तब वह मुखिया उनका भोजन और उनके पीने के लिथे ठहराया हुआ दाखमधु दोनोंछुड़ाकर, उनको सागपात देने लगा।। 17 और परमेश्वर ने उन चारोंजवानोंको सब शस्त्रों, और सब प्रकार की विद्याओं में बुद्धिमानी और प्रवीणता दी; और दानिय्थेल सब प्रकार के दर्शन और स्वपन के अर्य का ज्ञानी हो गया। 18 तब जितने दिन के बाद नबूकदनेस्सर राजा ने जवानोंको भीतर ले आने की आज्ञा दी यी, उतने दिन के बीतने पर खोजोंके प्रधान उन्हें उसके सामने ले गया। 19 और राजा उन से बातचीत करने लगा; और दानिय्थेल, हनन्याह, मीशाएल, और अजर्याह के तुल्य उन सब में से कोई न ठहरा; इसलिथे वे राजा के सम्मुख हाजिर रहने लगे। 20 और बुद्धि और हर प्रकार की समझ के विषय में जो कुछ राजा उन से पूछता या उस में वे राज्य भर के सब ज्योतिषयोंऔर तन्त्रियोंसे दसगुणे

निपुण ठहरते थे। 21 और दानिय्थेल कुस्रू राजा के पहिले वर्ष तक बना रहा।।

2

1 अपके राज्य के दूसरे वर्ष में नबूकदनेस्सर ने ऐसा स्वप्न देखा जिस से उसका मन बहुत ही व्याकुल हो गया और उसको नींद न आई। 2 तब राजा ने आज्ञा दी, कि ज्योतिषी, तन्त्री, टोनहे और कसदी बुलाए जाएं कि वे राजा को उसका स्वप्न बताएं; सो वे आए और राजा के साम्हने हाजिर हुए। 3 तब राजा ने उन से कहा, मैं ने एक स्वप्न देखा है, और मेरा मन व्याकुल है कि स्वपन को कैसे समझूं। 4 कसदियोंने, राजा से अरामी भाषा में कहा, हे राजा, तू चिरंजीव रहे! अपके दासोंको स्वप्न बता, और हम उसका फल बताएंगे। 5 राजा ने कसदियोंको उत्तर दिया, मैं यह आज्ञा दे चुका हूं कि यदि तुम फल समेत स्वप्न को न बताओगे तो तुम टुकड़े टुकड़े किए जाओगे, और तुम्हारे घर फुंकवा दिए जाएंगे। 6 और यदि तुम फल समेत स्वप्न को बता दो तो मुझ से भांति भांति के दान और भारी प्रतिष्ठा पाओगे। 7 इसलिथे तुम मुझे फल समेत स्वप्न बाताओ। उन्होंने दूसरी बार कहा, हे राजा स्वप्न तेरे दासोंको बताया जाए, और हम उसका फल समझाा देंगे। 8 राजा ने उत्तर दिया, मैं निश्चय जानता हूं कि तुम यह देखकर, कि राजा के मुंह से आज्ञा निकल चुकी है, समय बढ़ाना चाहते हो। 9 इसलिथे यदि तुम मुझे स्वप्न न बताओ तो तुम्हारे लिथे एक ही आज्ञा है। क्योंकि तुम ने गोष्ठी की होगी कि जब तक समय न बदले, तब तक हम राजा के साम्हने फूठी और गपशप की बातें कहा करेंगे। इसलिथे तुम मुझे स्वप्न को बताओ, तब मैं जानूंगा कि तुम उसका फल भी समझा सकते हो। 10 कसदियोंने राजा से कहा, पृथ्वी भर में ऐसा कोई मनुष्य नहीं जो राजा के मन की बात बता सके; और न

कोई ऐसा राजा, वा प्रधान, वा हाकिम कभी हुआ है जिस ने किसी ज्योतिषी वा तन्त्री, वा कसदी से ऐसी बात पूछी हो। 11 जो बात राजा पूछता है, वह अनोखी है, और देवताओं को छोड़कर जिनका निवास मनुष्योंके संग नहीं है, और कोई दूसरा नहीं, जो राजा को यह बता सके।। 12 इस पर राजा ने फुंफलाकर, और बहुत की क्रोधित होकर, बाबुल के सब पण्डितोंके नाश करने की आज्ञा दे दी। 13 सो यह आज्ञा निकली, और पण्डित लोगोंका घात होने पर या; और लोग दानिय्थेल और उसके संगियोंको ढूंढ़ रहे थे कि वे भी घात किए जाएं। 14 तब दानिय्थेल ने, जल्लादोंके प्रधान अर्योक से, जो बाबुल के पण्डितोंको घात करने के लिथे निकला या, सोच विचारकर और बुद्धिमानी के साय कहा; 15 और राजा के हाकिम अर्योक से पूछने लगा, यह आज्ञा राजा की ओर से ऐसी उतावली के साय क्योंनिकली? तब अर्योक ने दानिय्थेल को इसका भेद बता दिया। 16 और दानिय्थेल ने भीतर जाकर राजा से बिनती की, कि उसके लिथे कोई समय ठहराया जाए, तो वह महाराज को स्वप्न का फल बता देगा। 17 तब दानिय्थेल ने अपके घर जाकर, अपके संगी हनन्याह, मीशाएल, और अजर्याह को यह हाल बताकर कहा, 18 इस भेद के विषश् में स्वर्ग के परमश्ेवर की दया के लिथे यह कहकर प्रार्यना करो, कि बाबुल के और सब पण्डितोंके संग दानिय्थेल और उसके संगी भी नाश न किए जाएं। 19 तब वह भेद दानिय्थेल को रात के समय दर्शन के द्वारा प्रगट किया गया। सो दानिय्थेल ने स्वर्ग के परमेश्वर का यह कहकर धन्यवाद किया, 20 परमेश्वर का नाम युगानुयुग धन्य है; क्योंकि बुद्धि और पराक्रम उसी के हैं। 21 समयोंऔर ऋतुओं को वही पलटता है; राजाओं का अस्त और उदय भी वही करता है; बुद्धिमानोंको बुद्धि और समझवालोंको समझ भी वही देता है; 22 वही

गूढ़ और गुप्त बातोंको प्रगट करता है; वह जानता है कि अन्धिक्कारने में क्या है, और उसके संग सदा प्रकाश बना रहता है। 23 हे मेरे पूर्वजोंके परमश्ेवर, मैं तेरा धन्यवाद और स्तुति करता हूं, क्योंकि तू ने मुझे बुद्धि और शक्ति दी है, और जिस भेद का खुलना हम लोगोंन तुझ से मांगे या, उसे तू ने मुझ पर प्रगट किया है, तू ने हम को राजा की बात बताई है। 24 तब दानिय्थेल ने अर्योक के पास, जिसे राजा ने बाबुल के पण्डितोंके नाश करने के लिथे ठहराया या, भीतर जाकर कहा, बाबुल के पण्डितोंका नाश न कर, मुझे राजा के सम्मुख भीतर ले चल, मैं फल बताऊंगा।। 25 तब अर्योक ने दानिय्थेल को राजा के सम्मुख शीघ्र भीतर ले जाकर उस से कहा, यहूदी बंधुओं में से एक पुरूष मुझ को मिला है, जो राजा को स्वप्न का फल बताएगा। 26 राजा ने दानिय्थेल से, जिसका नाम बेलतशस्सर भी या, पूछा, क्या तुझ में इतनी शक्ति है कि जो स्वप्न मैं ने देखा है, उसे फल समेत मुझे बताए? 27 दानिय्थेल ने राजा का उत्तर दिया, जो भेद राजा पूछता है, वह न तो पण्डित न तन्त्री, न ज्योतिषी, न दूसरे भावी बतानेवाले राजा को बता सकते हैं, 28 परन्तु भेदोंका प्रगटकर्त्ता परमेश्वर स्वर्ग में है; और उसी ने नबूकदनेस्सर राजा को जताया है कि अन्त के दिनोंमें क्या क्या होनवाला है। तेरा स्वपन और जो कुछ तू ने पलंग पर पके हुए देखा, वह यह है: 29 हे राजा, जब तुझ को पलंग पर यह विचार हुआ कि भविष्य में क्या क्या होनेवाला है, तब भेदोंको खोलनेवाले ने तुझ को बताया, कि क्या क्या होनेवाला है। 30 मुझ पर यह भेद इस कारण नहीं खोला गया कि मैं और सब प्राणियोंसे अधिक बुद्धिमान हूं, परन्तु केवल इसी कारण खोला गया है कि स्वपन का फल राजा को बताया जाए, और तू अपके मन के विचार समझ सके।। 31 हे राजा, जब तू देख रहा या,

तब एक बड़ी मूत्तिर् देख पक्की, और वह मूत्तिर् जो तेरे साम्हने खड़ी यी, सो लम्बी चौड़ी यी; उसकी चमक अनुपम यी, और उसका रूप भयंकर या। 32 उस मूत्तिर् का सिर तो चोखे सोने का या, उसकी छाती और भुजाएं चान्दी की, उसका पेट और जांघे पीतल की, 33 उसकी टांगे लोहे की और उसके पांव कुछ तो लोहे के और कुछ मिट्टी के थे। 34 फिर देखते देखते, तू ने क्या देखा, कि एक पत्यर ने, बिना किसी के खोदे, आप ही आप उखड़कर उस मूत्तिर् के पांवोंपर लगकर जो लोहे और मिट्टी के थे, उनको चूर चूर कर डाला। 35 तब लोहा, मिट्टी, पीतल, चान्दी और सोना भी सब चूर चूर हो गए, और धूपकाल में खलिहानोंके भूसे की नाईं हवा से ऐसे उड़ गए कि उनका कहीं पता न रहा; और वह पत्यर जो मूत्तिर् पर लगा या, वह बड़ा पहाड़ बनकर सारी पृय्वी में फैल गया।। 36 स्वपन तो योंही हुआ; और अब हम उसका फल राजा को समझा देते हैं। 37 हे राजा, तू तो महाराजाधिरा है, क्योंकि स्वर्ग के परमेश्वर ने तुझ को राज्य, सामर्य, शक्ति और महिमा दी है, 38 और जहां कहीं मनुष्य पाए जाते हैं, वहां उस ने उन सभोंको, और मैदान के जीवजन्तु, और आकाश के पक्की भी तेरे वश में कर दिए हैं; और तुझ को उन सब का अधिक्कारनी ठहराया है। यह सोने का सिर तू ही है। 39 तेरे बाद एक राज्य और उदय होगा जो तुझ से छोटा होगा; फिर एक और तीसरा पीतल का सा राज्य होगा जिस में सारी पृय्वी आ जाएगी। 40 और चौया राज्य लोहे के तुल्य मजबूत होगा; लोहे से तो सब वस्तुएं चूर चूर हो जाती और पिस जाती हैं; इसलिथे जिस भांति लोहे से वे सब कुचक्की जाती हैं, उसी भांति, उस चौथे राज्य से सब कुछ चूर चूर होकर पिस जाएगा। 41 और तू ने जो मूत्तिर् के पांवोंऔर उनकी उंगलियोंको देखा, जो कुछ कुम्हार की मिट्टी की और कुछ लोहे

की यीं, इस से वह चौथा राज्य बटा हुआ होगा; तौभी उस में लोहे का सा कड़ापन रहेगा, जैसे कि तू ने कुम्हार की मिट्टी के संग लोहा भी मिला हुआ देखा या। 42 और जैसे पांवोंकी उंगलियां कुछ तो लोहे की और कुछ मिट्टी की यीं, इसका अर्थ यह है, कि वह राज्य कुछ तो दृढ़ और कुछ निर्बल होगा। 43 और तू ने जो लोहे को कुम्हार की मिट्टी के संग मिला हुआ देखा, इसका अर्थ यह है, कि उस राज्य के लोग एक दूसरे मनुष्योंसे मिले जुले तो रहेंगे, परन्तु जैसे लोहा मिट्टी के साथ मेल नहीं खाता, वैसे ही वे भी एक न बने रहेंगे। 44 और उन राजाओं के दिनोंमें स्वर्ग का परमेश्वर, एक ऐसा राज्य उदय करेगा जो अनन्तकाल तक न टूटेगा, और न वह किसी दूसरी जाति के हाथ में किया जाएगा। वरन वह उन सब राज्योंको चूर चूर करेगा, और उनका अन्त कर डालेगा; और वह सदा स्थिर रहेगा; 45 जैसा तू ने देखा कि एक पत्थर किसी के हाथ के बिन खोदे पहाड़ में से उखड़ा, और उस ने लोहे, पीतर, मिट्टी, चान्दी, और सोने को चूर चूर किया, इसी रीति महान् परमेश्वर ने राजा को जताया है कि इसके बाद क्या क्या होनेवाला है। न स्वप्न में और न उसके फल में कुछ सन्देह है।। 46 इतना सुनकर नबूकदनेस्सर राजा ने मुंह के बल गिरकर दानिय्येल को दण्डवत् की, और आज्ञा दी कि उसको भेंट चढ़ाओ, और उसके साम्हने सुगन्ध वस्तु जलाओ। 47 फिर राजा ने दानिय्येल से कहा, सच तो यह है कि तुम लोगोंका परमेश्वर, सब ईश्वरोंका ईश्वर, राजाओं का राजा और भेदोंका खोलनेवाला है, इसलिथे तू यह भेद प्रगट कर पाया। 48 तब राजा ने दानिय्येल का पद बड़ा किया, और उसको बहुत से बड़े बड़े दान दिए; और यह आज्ञा दी कि वह बाबुल के सारे प्रान्त पर हाकिम और बाबुल के सब पण्डितोंपर मुख्य प्रधान बने। 49 तब दानिय्येल के बिनती करने से राजा ने शद्रक, मेशक,

और अबेदनगो को बाबुल के प्रान्त के कार्य के ऊपर नियुक्त कर दिया; परन्तु दानिय्थेल आप ही राजा के दरबार में रहा करता या।।

3

1 नबूकदनेस्सर राजा ने सोने की एक मूरत बनवाई, जिनकी ऊंचाई साठ हाथ, और चौड़ाई छः हाथ की यी। और उस ने उसको बाबुल के प्रान्त के दूरा नाम मैदान में खड़ा कराया। 2 तब नबूकदनेस्सर राजा ने अधिपतियों, हाकिमों, गवर्नरों, जजों, खजांनचियों, न्यायियों, शास्त्रियों, आदि प्रान्त-प्रान्त के सब अधिक्कारनेियोंको बुलवा भेजा कि वे उस मूरत की प्रतिष्ठा में आएं जो उस ने खड़ी कराई यी। 3 तब अधिपति, हाकिम, गर्वनर, जज, खजांनची, न्यायी, शास्त्री आदि प्रान्त-प्रान्त के सब अधिक्कारनेी नबूकदनेस्सर राजा की खड़ी कराई हुई मूरत की प्रतिष्ठा के लिथे इकट्ठे हुए, और उस मूरत के साम्हने खड़े हुए। 4 तब ढिंढोरिथे ने ऊंचे शब्द से पुकारकर कहा, हे देश-देश और जाति-जाति के लोगों, और भिन्न भिन्न भाषा बोलनेवालो, तुम को यह आज्ञा सुनाई जाती है कि, 5 जिस समय तुम नरसिंगे, बांसुली, वीणा, सारंगी, सितार, शहनाई आदि सब प्रकार के बाजोंका शब्द सुनो, तुम उसी समय गिरकर नबूकदनेस्सर राजा की खड़ी कराई हुए सोने की मूरत को दण्डवत् करो। 6 और जो कोई गिरकर दण्डवत् न करेगा वह उसी घड़ी धधकते हुए भट्ठे के बीच में डाल दिया जाएगा। 7 इस कारण उस समय ज्योंही सब जाति के लोगोंको नरसिंगे, बांसुली, वीणा, सारंगी, सितार शहनाई आदि सब प्रकार के बाजोंका शब्द सुन पड़ा, त्योंही देश-देश और जाति-जाति के लोगोंऔर भिन्न-भिन्न भाषा बोलनेवालोंने गिरकर उस सोने की मूरत को जो नबूकदनेस्सर राजा ने खड़ी कराई यी, दण्डवत् की।। 8 उसी समय

कई एक कसदी पुरूष राजा के पास गए, और कपट से यहूदियोंकी चुगली खाई। 9
वे नबुकदनेस्सर राजा से कहने लगे, हे राजा, तू चिरंजीव रहे। 10 हे राजा, तू ने
तो यह आज्ञा दी है कि जो मनुष्य नरसिंगे, बांसुली, वीणा, सारंगी, सितार,
शहनाई आदि सब प्रकार के बाजोंका शब्द सुने, वह गिरकर उस सोने की मूरत
को दण्डवत करे; 11 और जो कोई गिरकर दण्डवत् न करे वह धधकते हुए भट्ठे के
बीच में डाल दिया जाए। 12 देख, शद्रक, मेशक, और अबेदनगो नाम कुछ यहूदी
पुरूष हैं, जिन्हें तू ने बाबुल के प्रान्त के कार्य के ऊपर नियुक्त किया है। उन
पुरूषोंने, हे राजा, तेरी आज्ञा की कुछ चिन्ता नहीं की; वे तेरे देवता की उपासना
नहीं करते, और जो सोने की मूरत तू ने खड़ी कराई है, उसको दण्डवत् नहीं
करते।। 13 तब नबूकदनेस्सर ने रोष और जलजलाहट में आकर आज्ञा दी कि
शद्रक मेशक और अबेदनगो को लाओ। तब वे पुरूष राजा के साम्हने हाजिर किए
गए। 14 नबूकदनेस्सर ने उन से पूछा, हे शद्रक, मेशक और अबेदनगो, तुम लोग
जो मेरे देवता की उपासना नहीं करते, और मेरी खड़ी कराई हुई सोने की मूरत को
दण्डवत् नहीं करते, सो क्या तुम जान बूफकर ऐसा करते हो? 15 यदि तुम अभी
तैयार हो, कि जब नरसिंगे, बाुसुली, वीणा, सारंगी, सितार, शहनाई आदि सब
प्रकार के बाजोंका शब्द सुनो, और उसी झण गिरकर मेरी बनवाई हुई मूरत को
दण्डवत् करो, तो बचोगे; और यदि तुम दण्डवत् ने करो तो इसी घड़ी धधकते हुए
भट्ठे के बीच में डाले जाओगे; फिर ऐसा कौन देवता है, जो तुम को मेरे हाथ से
छुड़ा सके? 16 शद्रक, मेशक और अबेदनगो ने राजा से कहा, हे नबूकदनेस्सर,
इस विषय में तुझे उत्तर देने का हमें कुछ प्रयोजन नहीं जान पड़ता। 17 हमारा
परमेश्वर, जिसकी हम उपासना करते हैं वह हम को उस धधकते हुए भट्टे की

आग से बचाने की शक्ति रखता है; वरन हे राजा, वह हमें तेरे हाथ से भी छुड़ा सकता है। 18 परन्तु, यदि नहीं, तो हे राजा तुझे मालूम हो, कि हम लोग तेरे देवता की उपासना नहीं करेंगे, और न तेरी खड़ी कराई हुई सोने की मूरत को दण्डवत् करेंगे।। 19 तब नबूकदनेस्सर फुंफला उठा, और उसके चेहरे का रंग शद्रक, मेशक और अबेदनगो की ओर बदल गया। और उस ने आज्ञा दी कि भट्ठे को सातगुणा अधिक धधका दो। 20 फिर अपक्की सेना में के कई एक बलवान् पुरूषोंको उस ने आज्ञा दी, कि शद्रक, मेशक और अबेदनगो को बान्धकर उन्हें धधकते हुए भट्ठे में डाल दो। 21 तब वे पुरूष अपके मोजों, अंगरखों, बागोंऔर और वस्त्रोंसहित बान्धकर, उस धधकते हुए भट्ठे में डाल दिए गए। 22 वह भट्ठा तो राजा की दृढ़ आज्ञा होने के कारण अत्यन्त धधकाया गया या, इस कारण जिन पुरूषोंने शद्रक, मेशक और अबेदनगो को उठाया वे ही आग की आंच से जल मरे। 23 और उसी धधकते हुए भट्ठे के बीच थे तीनोंपुरूष, शद्रक, मेशक और अबेदनगो, बन्धे हुए फेंक दिए गए।। 24 तब नबूकदनेस्सरे राजा अचम्भित हुआ और घबराकर उठ खड़ा हुआ। और अपके मन्त्रियोंसे पूछने लगा, क्या हम ने उस आग के बीच तीन ही पुरूष बन्धे हुए नहीं डलवाए? उन्होंने राजा को उत्तर दिया, हां राजा, सच बात तो है। 25 फिर उस ने कहा, अब मैं देखता हूं कि चार पुरूष आग के बीच खुले हुए टहल रहे हैं, और उनको कुछ भी हानि नहीं पहुंची; और चौथे पुरूष का स्वरूप ईश्वर के पुत्र के सदृश्य है।। 26 फिर नबूकदनेस्सर उस धधकते हुए भट्ठे के द्वार के पास जाकर कहने लगा, हे शद्रक, मेशक और अबेदनगो, हे परमप्रधान परमेश्वर के दासो, निकलकर यहां आओ! यह सुनकर शद्रक, मेशक और अबेदनगो आग के बीच से निकल आए। 27 जब अधिपति,

हाकिम, गर्वनर और राजा के मन्त्रियोंने, जो इकट्ठे हुए थे, उन पुरूषोंकी ओर देखा, तब उनकी देह में आग का कुछ भी प्रभाव नहीं पाया; और उनके सिर का एक बाल भी न फुलसा, न उनके मोजे कुछ बिगड़े, न उन में जलने की कुछ गन्ध पाई गई। 28 नबूकदनेस्सर कहने लगा, धन्य है शद्रक, मेशक और अबेदनगो का परमेश्वर, जिस ने अपना दूत भेजकर अपके इन दासोंको इसलिथे बचाया, क्योंकि इन्होंने राजा की आज्ञा न मानकर, उसी पर भरोसा रखा, और यह सोचकर अपना शरीर भी अर्पण किया, कि हम अपके परमेश्वर को छोड़, किसी देवता की उपासना वा दण्डवत् न करेंगे। 29 इसलिथे अब मैं यह आज्ञा देता हूं कि देश-देश और जाति-जाति के लोगों, और भिन्न-भिन्न भाषा बोलनेवालोंमें से जो कोई शद्रक, मेशक और अबेदनगो के परमेश्वर की कुछ निन्दा करेगा, वह टुकड़े टुकड़े किया जाएगा, और उसका घर घूरा बनाया जाएगा; क्योंकि ऐसा कोई और देवता नहीं जो इस रीति से बचा सके। 30 तब राजा ने बाबुल के प्रान्त में शद्रक, मेशक, अबेदनगो का पद और ऊंचा किया।।

4

1 नबूकदनेस्सर राजा की ओर से देश-देश और जाति जाति के लोगों, और भिन्न-भिन्न भाषा बोलनेवाले जितने सारी पृथ्वी पर रहते हैं, उन सभोंको यह वचन मिला, तुम्हारा कुशल झेम बए◌े! 2 मुझे यह अच्छा लगा, कि परमप्रधान परमेश्वर ने मुझे जो जो चिन्ह और चमत्कार दिखाए हैं, उनको प्रगट करूं। 3 उसके दिखाए हुए चिन्ह क्या ही बड़े, और उसके चमत्कारोंमें क्या ही बड़ी शक्ति प्रगट होती है! उसका राज्य तो सदा का और उसकी प्रभुता पीढ़ी से पीढ़ी तक बनी रहती है।। 4 मैं नबूकदनेस्सर अपके भवन में चैन से और प्रफुल्लित

रहता या। 5 मैं ने ऐसा स्वप्न देखा जिसके कारण मैं डर गया; और पलंग पर पके पके जो विचार मेरे मन में आए और जो बातें मै ने देखीं, उनके कारण मैं घबरा गया या। 6 तब मैं ने आज्ञा दी कि बाबुल के सब पण्डित मेरे स्वप्न का फल मुझे बताने के लिथे मेरे साम्हने हाजिर किए जाएं। 7 तब ज्योतिषी, तन्त्री, कसदी और होनहार बतानेवाले भीतर आए, और मैं ने उनको अपना स्वप्न बताया, परन्तु वे उसका फल न बता सके। 8 निदान दानिय्येल मेरे सम्मुख आया, जिसका नाम मेरे देवता के नाम के कारण बेलतशस्सर रखा गया या, और जिस में पवित्र ईश्वरोंकी आत्मा रहती है; और मैं ने उसको अपना स्वप्न यह कहकर बता दिया, 9 कि, हे बेलेतश्स्सर तू तो सब ज्योतिषियोंका प्रधान है, मैं जानता हूं कि तुझ में पवित्र ईश्वरोंकी आत्मा रहती है, और तू किसी भेद के कारण नहीं घबराता; इसलिथे जो स्वपन मैं ने देखा है उसे फल समेत मुझे बताकर समझा दे। 10 जो दर्शन मैं ने पलंग पर पाया वह यह है: मैं ने देखा, कि पृय्वी के बीचोबीच एक वृझ लगा है; उसकी ऊंचाई बहुत बड़ी है। 11 वह वृझ बड़ा होकर दृढ़ हो गया, और उसकी ऊंचाई स्वर्ग तक पहुंची, और वह सारी पृय्वी की छोर तक देख पड़ता या। 12 उसके पत्ते सुन्दर, और उस में बहुत फल थे, यहां तक कि उस में सभोंके लिथे भोजन या। उसके नीचे मैदान के सब पशुओं को छाया मिलती यी, और उसकी डालियोंमें आकाश की सब चिडिय़ां बसेरा करता यीं, और सब प्राणी उस से आहार पाते थे।। 13 मैं ने पलंग पर दर्शन पाते समय क्या देखा, कि एक पवित्र पहरूआ स्वर्ग से उतर आया। 14 उस ने ऊंचे शब्द से पुकारकर यह कहा, वृझ को काट डालो, उसकी डालियोंको छांट दो, उसके पत्ते फाड़ दो और उसके फल छितरा डालो; पशु उसके नीचे से हट जाएं, और चिडिय़ें उसकी

डालियोंपर से उड़ जाएं। 15 तौभी उसके ठूंठ को जड़ समेत भूमि में छोड़ो, और उसको लोहे और पीतल के बन्धन से बान्धकर मैदान की हरी घास के बीच रहने दो। वह आकाश की ओस से भींगा करे और भूमि की घास खाने में मैदान के पशुओं के संग भागी हो। 16 उसका मन बदले और मनुष्य का न रहे, परन्तु पशु का सा बन जाए; और उस पर सात काल बीतें। 17 यह आज्ञा पहरूओं के निर्णय से, और यह बात पवित्र लोगोंके वचन से निकली, कि जो जीवित हैं वे जान लें कि परमप्रधान परमश्ेवर मनुष्योंके राज्य में प्रभुता करता है, और उसको जिसे चाहे उसे दे देता है, और वह छोटे से छोटे मनुष्य को भी उस पर नियुक्त कर देता है। 18 मुझ नबूकदनेस्सर राजा ने यही स्वपन देखा। सो हे बेलतशस्सर, तू इसका फल बता, क्योंकि मेरे राज्य में और कोई पण्डित इसका फल मुझे समझा नहीं सकता, परन्तु तुझ में तो पवित्र ईश्धरोंकी आत्मा रहती है, इस कारण तू उसे समझा सकता है।। 19 तब दानिय्थेल जिसका नाम बेलतशस्सर भी या, घड़ी भर घबराता रहा, और सोचते सोचते व्याकुल हो गया। तब राजा कहने लगा, हे बेलतशस्सर इस स्वप्न से, वा इसके फल से तू व्याकुल मत हो। बेलतशस्सर ने कहा, हे मेरे प्रभु, यह स्वप्न तेरे बैरियोंपर, और इसका अर्य तेरे द्रोहियोंपर फले! 20 जिस वृझ हो तू ने देखा, जो बड़ा और दृढ़ हो गया, और जिसकी ऊंचाई स्वर्ग तक पहुंची और जो पृय्वी के सिक्के तक दिखाई देता या; 21 जिसके पत्ते सुन्दर और फल बहुत थे, और जिस में सभोंके लिथे भोजन या; जिसके नीचे मैदान के सब पशु रहते थे, और जिसकी डालियोंमें आकाश की चिडिय़ां बसेरा करती यीं, 22 हे राजा, वह तू ही है। तू महान और सामर्यी हो गया, तेरी महिमा बढ़ी और स्वर्ग तक पहुंच गई, और तेरी प्रभुता पृय्वी की छोर तक फैली है। 23 और हे

राजा, तू ने जो एक पवित्र पहिरूए को स्वर्ग से उतरते और यह कहते देखा कि वृझ को काट डालो और उसका नाश करो, तौभी उसके ठूंठ को जड़ समेत भूमि में छोड़ो, और उसको लोहे और पीतल के बन्धन से बान्धकर मैदान की हरी घास के बीच में रहने दो; वह आकाश की ओस से भीगा करे, और उसको मैदान के पशुओं के संग ही भाग मिले; और जब तक सात युग उस पर बीत न चुकें, तब तक उसकी ऐसी ही दशा रहे। 24 हे राजा, इसका फल जो परमप्रधान ने ठाना है कि राजा पर घटे, वह यह है, 25 कि तू मनुष्योंके बीच से निकाला जाएगा, और मैदान के पशुओं के संग रहेगा; तू बैलोंकी नाई घास चरेगा; और सात युग तुझ पर बीतेंगे, जब तक कि तू न जान ले कि मनुष्योंके राज्य में परमप्रधान ही प्रभुता करता है, और जिसे चाहे वह उसे दे देता है। 26 और उस वृझ के ठूंठ को जड़ समेत छोड़ने की आज्ञा जो हुई है, इसका अर्य यह है कि तेरा राज्य तेरे लिथे बना रहेगा; और जब तू जान लेगा कि जगत का प्रभु स्वर्ग ही में है, तब तू फिर से राज्य करने पाएगा। 27 इस कारण, हे राजा, मेरी यह सम्मति स्वीकार कर, कि यदि तू पाप छोड़कर धर्म करने लगे, और अधर्म छोड़कर दीन-हीनोंपर दया करने लगे, तो सम्भव है कि ऐसा करने से तेरा चैन बना रहे।। 28 यह सब कुछ नबूकदनेस्सर राजा पर घट गया। 29 बारह महीने बीतने पर जब वह बाबुल के राजभवन की छत पर टहल रहा या, तब वह कहने लगा, 30 क्या यह बड़ा बाबुल नहीं है, जिसे मैं ही ने अपके बल और सामर्य से राजनिवास होने को और अपके प्रताप की बड़ाई के लिथे बसाया है? 31 यह वचन राजा के मुंह से निकलने भी न पाया या कि आकाशवाणी हुई, हे राजा नबूकदनेस्सर तेरे विषय में यह आज्ञा निकलती है कि राज्य तेरे हाथ से निकल गया, 32 और तू मनुष्योंके बीच में से

निकाला जाएगा, और मैदान के पशुओं के संग रहेगा; और बैलोंकी नाईं घास चरेगा9 और सात काल तुझ पर बीतेंगे, जब तक कि तू न जान ले कि परमप्रधान, मनुष्योंके राज्य में प्रभुता करता है और जिसे चाहे वह उसे दे देता है। 33 उसी घड़ी यह वचन नबूकदनेस्सर के विषय में पूरा हुआ। वह मनुष्योंमें से निकाला गया, और बैलोंकी नाईं घास चरने लगा, और उसकी देह आकाश की ओस से भीगती यी, यहां तक कि उसके बाल उकाब पक्षियोंके परोंसे और उसके नाखून चिडिय़ोंके चंगुलोंके समान बढ़ गए।। 34 उन दिनोंके बीतने पर, मुझ नबूकदनेस्सर ने अपक्की आंखें स्वर्ग की ओर उठाईं, और मेरी बुद्धि फिर ज्योंकी त्योंहो गई; तब मैं ने परमप्रधान को धन्य कहा, और जो सदा जीवित है उसकी स्तुति और महिमा यह कहकर करने लगा: उसकी प्रभुता सदा की है और उसका राज्य पीढ़ी से पीढ़ी तब बना रहनेवाला है। 35 पृय्वी के सब रहनेवाले उसके साम्हने तुच्छ गिने जाते हैं, और वह स्वर्ग की सेना और पृय्वी के रहनेवालोंके बीच अपक्की इच्छा के अनुसार काम करता है; और कोई उसको रोककर उस से नहीं कह सकता है, तू ने यह क्या किया है? 36 उसी समय, मेरी बुद्धि फिर ज्योंकी त्योंहो गई; और मेरे राज्य की महिमा के लिथे मेरा प्रताप और मुकुट मुझ पर फिर आ गया। और मेरे मन्त्री और प्रधान लोग मुझ से भेंट करने के लिथे आने लगे, और मैं राज्य में स्थिर हो गया; और मेरी और अधिक प्रशंसा होने लगी। 37 अब मैं नबूकदनेस्सर स्वर्ग के राजा को सराहता हूं, और उसकी स्तुति और महिमा करता हूं क्योंकि उसके सब काम सच्चे, और उसके सब व्यवहार न्याय के हैं; और जो लोग घमण्ड से चलते हैं, उन्हें वह नीचा कर सकता है।।

5

1 बेलशस्सर नाम राजा ने अपके हजार प्रधानोंके लिथे बड़ी जेवनार की, और उन
हजार लोगोंके साम्हने दाखमधु पिया।। 2 दाखमधु पीते पीते बेलशस्सर ने आज्ञा
दी, कि सोने-चान्दी के जो पात्र मेरे पिता नबूकदनेस्सर ने यरूशलेम के मन्दिर में
से निकाले थे, उन्हें ले आओ कि राजा अपके प्रधानों, और रानियोंऔर
रखेलियोंसमेत उन में से पीए। 3 तब जो सोने के पात्र यरूशलेम में परमेश्वर के
भवन के मन्दिर में से निकाले गए थे, वे लाए गए; और राजा अपके प्रधानों, और
रानियों, और रखेलियोंसमेत उन में से पीने लगा।। 4 वे दाखमधु पी पीकर सोने,
चान्दी, पीतल, लोहे, काठ और पत्यर के देवताओं की स्तुति कर ही रहे थे, 5 कि
उसी घड़ी मनुष्य के हाथ की सी कई उंगलियां निकलकर दीवट के साम्हने
राजमन्दिर की भीत के चूने पर कुछ लिखने लगीं; और हाथ का जो भाग लिख
रहा या वह राजा को दिखाई पड़ा। 6 उसे देखकर राजा भयभीत हो गया, और वह
अपके सोच में घबरा गया, और उसकी कटि के जोड़ ढ़ीले हो गए, और कांपके
कांपके उसके घुटने एक दूसरे से लगने लगे। 7 तब राजा ने ऊंचे शब्द से
पुकारकर तन्त्रियों, कसदियोंऔर और होनहार बतानेवालोंको हाजिर करवाने की
आज्ञा दी। जब बाबुल के पण्डित पास आए, तब राज उन से कहने लगा, जो कोई
वह लिखा हुआ पढ़कर उसका अर्य मुझे समझाए उसे बैंजनी रंग का वस्त्र और
उसके गले में सोने की कण्ठमाला पहिनाई जाएगी; और मेरे राज्य में तीसरा वही
प्रभुता करेगा। 8 तब राजा के सब पण्डित लोग भीतर आए, परन्तु उस लिखे हुए
को न पढ़ सके और न राजा को उसका अर्य समझा सके। 9 इस पर बेलशस्सर
राजा निपट घबरा गया और भयातुर हो गया; और उसके प्रधान भी बहुत व्याकुल
हुए।। 10 राजा और प्रधानोंके वचनोंको सुनकर, रानी जेवनार के घर में आई और

कहने लगी, हे राजा, तू युगयुग जीवित रहे, अपके मन में न घबरा और न उदास
हो। 11 तेरे राज्य में दानिय्थेल एक पुरूष है जिसका नाम तेरे पिता ने
बेलतशस्सर रखा या, उस में पवित्र ईश्वरोंकी आत्मा रहती है, और उस राजा के
दिनोंमें उस में प्रकाश, प्रवीणता और ईश्वरोंके तुल्य बुद्धि पाई गई। और हे राजा,
तेरा पिता जो राजा या, उस ने उसको सब ज्योतिषियों, तन्त्रियों, कसदियोंऔर
और होनहार बतानेवालोंका प्रधान ठहराया या, 12 क्योंकि उस में उत्तम आत्मा,
ज्ञान और प्रवीणता, और स्वप्नोंका फल बताने और पकेलियां खोलने, और
सन्देह दूर करने की शक्ति पाई गई। इसलिथे अब दानिय्थेल बुलाया जाए, और
वह इसका अर्य बताएगा।। 13 तब दानिय्थेल राजा के साम्हने भीतर बुलाया
गया। राजा दानिय्थेल से पूछने लगा, क्या तू वही दानिय्थेल है जो मेरे पिता
नबूकदनेस्सर राजा के यहूदा देश से लाए हुए यहूदी बंधुओं में से है? 14 मैं ने तेरे
विषय में सुना है कि ईश्वर की आत्मा तुझ में रहती है; और प्रकाश, प्रवीणता और
उत्तम बुद्धि तुझ में पाई जाती है। 15 देख, अभी पण्डित और तन्त्री लोग मेरे
साम्हने इसलिथे लाए गए थे कि यह लिखा हुआ पकें और उसका अर्य मुझे
बताएं, परन्तु वे उस बात का अर्य न समझा सके। 16 परन्तु मैं ने तेरे विषय में
सुना है कि दानिय्थेल भेद खोल सकता और सन्देह दूर कर सकता है। इसलिथे
अब यदि तू उस लिखे हुए को पढ़ सके और उसका अर्य भी मुझे समझा सके, तो
तुझे बैंजनी रंग का वस्त्र, और तेरे गले में सोने की कण्ठमाला पहिनाई जाएगी,
और राज्य में तीसरा तू ही प्रभुता करेगा।। 17 दानिय्थेल ने राजा से कहा, अपके
दान अपके ही पास रख; और जो बदला तू देना चाहता है, वह दूसरे को दे; वह
लिखी हुई बात मैं राजा को पढ़ सुनाऊंगा, और उसका अर्य भी तुझे समझाऊंगा।

18 हे राजा, परमप्रधान परमेश्वर ने तेरे पिता नबूकदनेस्सर को राज्य, बड़ाई, प्रतिष्ठा और प्रताप दिया या; 19 और उस बड़ाई के कारण जो उस ने उसको दी यी, देश-देश और जाति जाति के सब लोग, और भिन्न-भिन्न भाषा बोलनेवाले उसके साम्हने कांपके और यरयराते थे, जिसे वह चाहता उसे वह घात करता या, और जिसको वह चाहता उसे वह जीवित रखता या जिसे वह चाहता उसे वह ऊंचा पद देता या, और जिसको वह चाहता उसे वह गिरा देता या। 20 परन्तु जब उसका मन फूल उठा, और उसकी आत्मा कठोर हो गई, यहां तक कि वह अभिमान करने लगा, तब वह अपके राजसिंहासन पर से उतारा गया, और उसकी प्रतिष्ठा भंग की गई; 21 वह मनुष्योंमें से निकाला गया, और उसका मन पशुओं का सा, और उसका निवास जंगली गदहोंके बीच हो गया; वह बैलोंकी नाईं घास चरता, और उसका शरीर आकाश की ओस से भीगा करता या, जब तक कि उस ने जान न लिया कि परमप्रधान परमश्ेवर मनुष्योंके राज्य में प्रभुता करता है और जिसे चाहता उसी को उस पर अधिक्कारनी ठहराता है। 22 तौभी, हे बेलशस्सर, तू जो उसका पुत्र है, और यह सब कुछ जानता या, तौभी तेरा मन नम्र न हुआ। 23 वरन तू ने स्वर्ग के प्रभु के विरूद्ध सिर उठाकर उसके भवन के पात्र मंगवाकर अपके साम्हने धरवा लिए, और अपके प्रधानोंऔर रानियोंऔर रखेलियोंसमेत तू ने उन में दाखमधु पिया; और चान्दी-सोने, पीतल, लोहे, काठ और पत्यर के देवता, जो न देखते न सुनते, न कुछ जानते हैं, उनकी तो स्तुति की, परन्तु परमेश्वर, जिसके हाथ में तेरा प्राण है, और जिसके वश में तेरा सब चलना फिरना है, उसका सन्मान तू ने नहीं किया।। 24 तब ही यह हाथ का एक भाग उसी की ओर से प्रगट किया गया है और वे शब्द लिखे गए हैं। 25 और जो शब्द लिखे गए

वे थे हैं, मने, मने, तकेल, और ऊपर्सीन। 26 इस वाक्य का अर्य यह है, मने, अर्यात् परमेश्धर ने तेरे राज्य के दिन गिनकर उसका अन्त कर दिया है। 27 तकेल, तू मानो तराजू में तौला गया और हलका पाया गया। 28 पकेस, अर्यात् तेरा राज्य बांटकर मादियोंऔर फारसिक्कों दिया गया है।। 29 तब बेलशस्सर ने आज्ञा दी, और दानिय्थेल को बैंजनी रंग का वस्त्र और उसके गले में सोने की कण्ठमाला पहिनाई गई; और ढिंढोरिथे ने उसके विषय में पुकारा, कि राज्य में तीसरा दानिय्थेल ही प्रभुता करेगा।। 30 उसी रात कसदियोंका राजा बेलशस्सर मार डाला गया। 31 और दारा मादी जो कोई बासठ वर्ष का या राजगद्दी पर विराजमान हुआ।।

6

1 दारा को यह अच्छा लगा कि अपके राज्य के ऊपर एक सौ बीस ऐसे अधिपति ठहराए, जो पूरे राज्य में अधिक्कारने रखें। 2 और उनके ऊपर उस ने तीन अध्यझ, जिन में से दानिय्थेल एक या, इसलिथे ठहराए, कि वे उन अधिपतियोंसे लेखा लिया रकें, और इस रीति राजा की कुछ हानि न होने पाए। 3 जब यह देखा गया कि दानिय्थेल में उत्तम आत्मा रहती है, तब उसको उन अध्यझोंऔर अधिपतियोंसे अधिक प्रतिष्ठा मिली; वरन राजा यह भी सोचता या कि उसको सारे राज्य के ऊपर ठहराए। 4 तब अध्यझ और अधिपति राजकार्य के विषय में दानिय्थेल के विरूद्ध दोष ढूंढ़ने लगे; परन्तु वह विश्धासयोग्य या, और उसके काम में कोई भूल वा दोष न निकला, और वे ऐसा कोई अपराध वा दोष न पा सके। 5 तब वे लोग कहने लगे, हम उस दानिय्थेल के परमेश्धर की व्यवस्या को छोड़ और किसी विषय में उसके विरूद्ध कोई दोष न पा सकेंगे।। 6 तब वे अध्यझ

और अधिपति राजा के पास उतावली से आए, और उस से कहा, हे राजा दारा, तू युगयुग जीवित रहे। 7 राज्य के सारे अध्यझोंने, और हाकिमों, अधिपतियों, न्यायियों, और गवर्नरोंने भी आपास में सम्मति की है, कि राजा ऐसी आज्ञा दे और ऐसी कड़ी आज्ञा निकाले, कि तीस दिन तक जो कोई, हे राजा, तुझे छोड़ किसी और मनुष्य वा देवता से बिनती करे, वह सिंहोंकी मान्द में डाल दिया जाए। 8 इसलिथे अब हे राजा, ऐसी आज्ञा दे, और इस पत्र पर हस्ताझर कर, जिस से यह बात मादियोंऔर फारसियोंकी अटल व्यवस्या के अनुसार अदल-बदल न हो सके। 9 तब दारा राजा ने उस आज्ञापत्र पर हस्ताझर कर दिया।। 10 जब दानिय्थेल को मालूम हुआ कि उस पत्र पर हस्ताझर किया गया है, तब वह अपके घर में गया जिसकी उपरौठी कोठरी की खिड़कियां यरूशलेम के सामने खुली रहती यीं, और अपक्की रीति के अनुसार जैसा वह दिन में तीन बार अपके परमेश्वर के साम्हने घुटने टेककर प्रार्यना और धन्यवाद करता या, वैसा ही तब भी करता रहा। 11 तब उन पुरूषोंने उतावली से आकर दानिय्थेल को अपके परमेश्वर के सामने बिनती करते और गिड़गिड़ाते हुए पाया। 12 सो वे राजा के पास जाकर, उसकी राजआज्ञा के विषय में उस से कहने लगे, हे राजा, क्या तू ने ऐसे आज्ञापत्र पर हस्ताझर नहीं किया कि तीस दिन तक जो कोई तुझे छोड़ किसी मनुष्य वा देवता से बिनती करेगा, वह सिंहोंकी मान्द में डाल दिया जाएगा? राजा ने उत्तर दिया, हां, मादियोंऔर फारसियोंकी अटल व्यवस्या के अनुसार यह बात स्यिर है। 13 तब उन्होंने राजा से कहा, यहूदी बंधुओं में से जो दानिय्थेल है, उस ने, हे राजा, न तो तेरी ओर कुछ ध्यान दिया, और न तेरे हस्ताझर किए हुए आज्ञापत्र की ओर; वह दिन में तीन बार बिनती किया करता

है।। 14 यह वचन सुनकर, राजा बहुत उदास हुआ, और दानिय्येल के बचाने के
उपाय सोचने लगा; और सूर्य के अस्त होने तक उसके बचाने का यत्न करता रहा।
15 तब वे पुरूष राजा के पास उतावली से आकर कहने लगे, हे राजा, यह जान
रख, कि मादियोंऔर फारसियोंमें यह व्यवस्था है कि जो जो मनाही वा आज्ञा
राजा ठहराए, वह नहीं बदल सकती।। 16 तब राजा ने आज्ञा दी, और दानिय्येल
लाकर सिंहोंकी मान्द में डाल दिया गया। उस समय राजा ने दानिय्येल से कहा,
तेरा परमेश्वर जिसकी तू नित्य उपासना करता है, वही तुझे बचाए! 17 तब एक
पत्यर लाकर उस गड़हे के मुंह पर रखा गया, और राजा ने उस पर अपक्की
अंगूठी से, और अपके प्रधानोंकी अंगूठियोंसे मुहर लगा दी कि दानिय्येल के
विषय में कुछ बदलने ने पाए। 18 तब राजा अपके महल में चला गया, और उस
रात को बिना भोजन पड़ा रहा; और उसके पास सुख विलास की कोई वस्तु नहीं
पहुंचाई गई, और उसे नींद भी नहीं आई।। 19 भोर को पौ फटते ही राजा उठा,
और सिंहोंके गड़हे की ओर फुर्ती से चला गया। 20 जब राजा गड़हे के निकट
आया, तब शोकभरी वाणी से चिल्लाने लगा और दानिय्येल से कहा, हे
दानिय्येल, हे जीवते परमेश्वर के दास, क्या तेरा परमेश्वर जिसकी तू नित्य
उपासना करता है, तुझे सिंहोंसे बचा सका है? 21 तब दानिय्येल ने राजा से कहा,
हे राजा, तू युगयुग जीवित रहे! 22 मेरे परमेश्वर ने अपना दूत भेजकर सिंहोंके
मुंह को ऐसा बन्द कर रखा कि उन्होंने मेरी कुछ भी हानि नहीं की; इसका कारण
यह है, कि मैं उसके साम्हने निर्दोष पाया गया; और हे राजा, तेरे सम्मुख भी मैं ने
कोई भूल नहीं की। 23 तब राजा ने बहुत आनन्दित होकर, दानिय्येल को गड़हे
में से निकालने की आज्ञा दी। सो दानिय्येल गड़हे में से निकाला गया, और उस

